विप्र फाउंडेशन ने जालोर शहर में वाहन रैली निकाली

जालोर में विप्र फाउंडेशन ने परशुराम जयंती पर वाहन रैली निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। विप्र फाउंडेशन जालोर के तत्वावधान में मंगलवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ सूरज पोल स्थित जबरनाथ महादेव मंदिर से गुरुदेव दण्डी स्वामी देवानंद महाराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व पूजन के साथ हुआ। रैली को अखिल भारतीय पुष्कर संस्था के पूर्व अध्यक्ष चिरंजीलाल दवे, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक पवन दाधीच, अनिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष ललित दवे, विवेकानंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सूरज पोल से प्रारंभ होकर गांधी चौक, वीरमदेव चौक, भक्त प्रह्लाद चौक, हरिदेव जोशी सर्किल, राजेंद्र नगर, भीनमाल बाईपास होते हुए पुनः जबरनाथ महादेव मंदिर पर समाप्त हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ रैली का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष ललित दवे ने अपने संबोधन में कहा, कि विष्णु के अवतार भगवान परशुराम आज भी शाश्वत चिरंजीवी हैं। उनके आशीर्वाद से भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आज समाज को उनके तेज और ओजस्व की आवश्यकता है।

जिला प्रवक्ता पोखरमल दाधीच, मंत्री किशोर सिंह राजपुरोहित, युवा जिला अध्यक्ष हंसमुख नागर, जिला संगठन मंत्री चारुल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास दवे, कार्यक्रम संयोजक विनायक दवे, कोषाध्यक्ष हीनल दवे, मीडिया प्रभारी करण रामावत, प्रवक्ता प्रदीप दवे, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश दवे, उपाध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, अशोक पारीख, संजय शर्मा, करण रामावत, मीडिया प्रभारी व प्रदीप दवे, प्रवक्ता, महिला जिला महामंत्री इन्दु दवे, दिलीप भट्ट, योगेश दवे, कार्तिक दवे, धनराज दवे, गिरधारी लाल दवे, मनीष व्यास, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र नाग, महिला कार्यकर्ताओं सहित कई जनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली के समापन पर पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए सनातन धर्म के लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

हीटवेव बचाव व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

बालोतरा, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार ने मंगलवार को रिफाइनरी के कार्य कर रहे श्रमिकों के लिए नियोजकों द्वारा हीटवेव से बचाव को की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उपखंड अधिकारी अशोक कुमार ने लेबर कॉलोनियों का दौरा कर नियोजकों एवं ठेकेदारों को श्रमिकों को हीट वेव से बचने के उपायों की पालना करने के लिए जारी एडवाइजरी का अक्षरशः पालन करने को पाबंद किया। उन्होंने कहा कि नियोजक श्रमिकों को हीटवेव से बचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाए।

उन्होंने कहा कि हीट वेव के दौरान श्रमिकों को विश्राम दे। विश्राम स्थल पर पर्याप्त छाया, शीतल पेय पदार्थ, ओआरएस पैकेट, कुलर आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। श्रमिकों को कार्य के दौरान नींबू पानी उपलब्ध करवाया जाए। यदि कार्यस्थल पर किसी श्रमिक की तबीयत खराब हो तो, तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करें। उपखंड अधिकारी ने टाटा प्रोजेक्ट्स, आदि कंपनियों की लेबर कॉलोनी में जाकर श्रमिकों की रहन सहन, पेयजल की व्यवस्था, इमरजेंसी मेडिकल सुविधा, कूलर आदि की व्यवस्था को जांच कर आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अशोक जोशी, पचपदरा तहसीलदार गोपी किशन पालीवाल, रिफाइनरी साइट इंजीनियर प्रीतम भी साथ रहे।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक का सम्मान समारोह हुआ

जालोर नागरिक सहकारी बैंक ने सम्मान समारोही उत्कर्ष का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर नागरिक बैंक की ओर से आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को सम्मान समारोह 'उत्कर्ष' का आयोजन किया गया।

जिसमें बैंक के सम्मान्नीय ग्राहकों तथा वित्तीय वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य सम्पादित करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष भारतीयों की हत्या पर शोक प्रकट करते हुए सभी दिवगंत आत्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर छगन सिंह राजपुरोहित विधायक आहोर ने कहा कि जालोर नागरिक बैंक ने उत्कृष्ट ग्राहक सेवा के बल पर अपनी अलग पहचान बनाकर ग्राहकों में विश्वास अर्जित किया हैं, उन्होनें स्टाफ भर्ती तथा बैंक का कार्य क्षैत्र बढ़ाये जाने सम्बन्धित मुद्दो पर बैंक प्रबन्धन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से बैंक लगातार 20: की व्यवसाय वृद्धि कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बैंक ने 127 करोड की व्यवसाय वृद्धि की हैं तथा बैंक का कुल व्यवसाय 750 करोड के पार पहुंच गया है। साथ ही बैंक का एकल लाभ 10 करोड़ रुपये से उपर तथा शुद्ध ए.पी.ए. शून्य हैं। उन्होनें बताया कि आगामी महिनों में बैंक द्वारा बालोतरा, सुमेरपुर में भी शाखाए खोली जाएगी। इस हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही की जा चुकी हैं। इसी के साथ बैंक की जालोर, सिरोही, पाली, बालोतरा तथा बाड़मेर जिलों में 20 शाखाए हो जाएगी।

कार्यक्रम में बैंक उपाध्यक्ष ललित कुमार दवे ने कार्मिकों का आव्हान किया कि सभी कार्मिक अपनी सम्पूर्ण निष्ठा लगन व समर्पण से कार्य करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रगति को लेकर कृत संकल्प रहे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानन्द भट्ट ने बताया कि समारोह में प्रत्येक शाखा के दो ग्राहकों को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम में जाने माने मोटिवेशनल स्पीकर दीपक पंड्या ने साथ-साथ निरंतर आगे बढ़ने के कई टिप्स भी दिये व कार्मिकों में अपने उत्प्रेरक उद्बोद्यन से नये जोश का संचार किया। इसी अवसर पर राजस्थान अरबन बैंक्स फेडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम.एल. शर्मा ने अरबन बैंक्स के आने वाली चुनोतियों पर भी चर्चा की।

बैंक महाप्रबन्धक पी.आर. प्रजापत ने पी.पी.टी. प्रजेन्टेशन कर बैंक की व्यवसाय वृद्धि के आंकडे प्रस्तुत किये व कैलाश सुथार ने साईबर सिक्युरिटी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बैंक संचालक हेमताराम प्रजापत, मोहनलाल परमार व हरिश महेश्वरी ने भी अपना संबोद्यन दिया।

सम्मान समारोह उत्कर्ष में बैंक के सम्मानित ग्राहकों व कार्मिकों व संचालक मण्डल के सदस्य दिनेश परमार, कान्तिलाल भण्डारी, हरिश महेश्वरी, मोहम्मद इंसाफ बेग सहित बैंक के अधिकारी कार्मिकों ने व्यापक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन हिमांशु दवे तथा मनीषा माली ने किया।

जन समस्याओं का समाधान हो : जोराराम कुमावत



कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने विधायक कार्यालय पर जनसुनवाई की तथा तखतगढ़ नगर पालिका में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली,(नि.सं.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप आमजन की समस्याओ के समाधान के लिए समय समय पर मंत्री व विधायक अपने क्षेत्र में समय-समय पर जनसुनवाई कर जनता की समस्या का समाधान कर रहे हैं। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने विधायक कार्यालय पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में विद्युत विभाग, नगर पालिका,जल संसाधन विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आमजन के कार्य समय पर पूरा करने और समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, की सुविधा समय पर जनता को मिले, बिजली की कटौती नहीं हो समय पर जनता को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए हुए शिकायतों को सुना और समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में इओ नरपत सिंह राजपुरोहित, अक्षय कुमावत सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग सुमेरपुर, विद्युत विभाग के अधिकारी जनसुनवाई में मौजूद थे।

इस अवसर पर उन्होंने विधान सभा क्षेत्र प्रवास के दौरान तखतगढ़ नगर पालिका में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण कार्यों, सार्वजनिक बस स्टैंड के आंतरिक मार्गों एवं नगर पालिका में प्रगतिरत नाला निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण भी किया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्माण कार्य में तेज़ी लाने, एवं निर्धारित समय-सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण करने को लेकर विशेष निर्देश दिए।

वूशु खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जालोर, (कासं)। जिला वूशु संघ जालोर के तत्वावधान में जिला स्तरीय सब जूनियर व सीनियर वूशु प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार शाम 5 बजे से स्टेडियम के बहुद्देशीय हॉल में हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासक दलपतसिंह आर्य, सहायक अभियंता नरेन्द्र कुमार बैरवा, वूशु संघ के जिलाध्यक्ष शिवदत्त आर्य व कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल ने खिलाडियों का हाथ मिलाकर किया। जिला वूशु संघ के महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि सब जूनियर बालकों के 22 से 60 किलो के विभिन्न भार वर्ग में कर्तव्य गुप्ता, मयंक भादरु, सिद्धार्थ गौड,मानव, भानुप्रताप सिंह, पार्थ मिश्रा, ऋषभ सेन, रुद्राक्ष, निखिल गोदारा, प्रियांशु, कनिष्क चौधरी, पीयूष, गिरीश पारीक व प्रिंस जादम ने गोल्ड मैडल हासिल कर राज्य स्तर के लिए अपना चयन करवाया। सब जूनियर बालिकाओं में काव्या गुप्ता, आराध्या बिश्नोई, आराध्या सुंदेशा, मित्तल कुमारी, जयश्री, आलिया, वैष्णवी सिंह, सोनाक्षी शर्मा व सोनाक्षी सोलंकी प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर के लिए चयनित हुईं। सीनियर महिला में भावना, अनीता, नीतू कुमारी,सुनीता चौधरी व छवि चौधरी ने स्वर्ण पदक अर्जित किया। सीनियर पुरुष में मुकेश कुमार, राहुल,भरत कुमार व भावेश कुमार ने गोल्ड मैडल लेकर राज्य स्तर के लिए चयन करवाया। मेडिकल सेवा मेल नर्स पुरुषोत्तम गर्ग ने उपलब्ध करवाई। प्रतियोगिता संचालन निर्णायक कोच प्रितम सिंह राठौड, छवि चौधरी, सुनीता चौधरी, भावेश कुमार, कुसुम सुथार व विहान राज सक्सेना ने किया।

शिविर लगेंगे

बालोतरा,(नि.सं.)। जिला बालोतरा में त्रि-स्तरीय जनसुनवाई की श्रृंखला में माह मई 2025 का जनसुनवाई कार्यक्रम जारी किया गया।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि प्रथम गुरूवार 1 मई 2025 को ग्राम पंचायत स्तरीय के लिए शिविर लगेंगे।

पाली राष्ट्रीय चैम्पियन बनी

पाली में बॉक्सिंग खिलाड़ियों का पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख व पूर्व चेयरमैन महेंद्र बोहरा ने माला एवं साफा पहना कर पदक विजेता का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली,(नि.सं.)। बॉक्सिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में राष्ट्रीय यूथ (पुरुष/महिला) बॉक्सिंग चैम्पियनशिप दिनांक 21 से 27 अप्रैल 2025 को ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में पाली की सुमन कुमारी पुत्र बाबूलाल देवासी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए 48 किलो भार वर्ग चंडीगढ़, केरला, झारखंड, मिजोरम व फ़ाइनल मुकाबले में दिल्ली की अंतराष्ट्रीय मुक्केबाज को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सुमन कुमारी का चयन आगामी राष्ट्रीय कैम्प में भी हुआ है।

गौरतलब है सुमन ने अपने सभी मुकाबले एकतरफा निर्णय से जीते। सुमन कुमारी पूर्व में भी 2 बार राजस्थान 17 स्कूल स्टेट चैम्पियन, दो बार जूनियर स्टेट चैम्पियन,2 बार यूथ स्टेट चेम्पियन रह चुकी हैं। साथ ही यूथ नेशनल की ब्रॉन्ज मैडलिस्ट भी है। सुमन कुमारी बॉक्सिंग कोच दिलिप गहलोत की प्रशिक्षु हैं। स्वर्ण पदक विजेता के पाली आगमन पर खेल प्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख व पूर्व चेयरमैन महेंद्र बोहरा ने माला एवं साफा पहना कर पदक विजेता का सम्मान किया। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार निर्वाण, सचिव राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन व पाली जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने पदक विजेता का आभार एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महन्त रामाज्ञा दास जी महाराज गुन्दोज,राजेश पाटनेचा, कमल तिवारी, किशोर ख़ेमलानी,बहादुरसिंह राठौड़, मनोज भटनागर, भरत सिंह राजपुरोहित, बॉक्सिंग कोच दिलिप गहलोत, रमेश सिसोदिया, देवेन्द्र मेवाड़ा, रमेश परिहार,नरपत राज, पर्वत सिंह, शंकर पटेल देवेंद्र दमामी, मुकेश कुमावत, अमित चौधरी, कुशल देवड़ा, श्रवन कुमार, नरेश पाण्डे, बाबूलाल देवासी, कूपाराम चौधरी प्रवीण चितारा, राजेश वैष्णव,वेदान्श, तेजस,मोनिका , आत्माराम,आशु देवासी, प्रवीण सहित कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

उप कारागृह का निरीक्षण

बालोतरा, (नि.सं.)। उप-कारागृह बालोतरा का आज सिद्धार्थ दीप सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), बालोतरा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को उनके कानूनी अधिकार एवं कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई, जिससे कोई भी बंदी विधिक सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि बंदियों के साथ कानून के अनुसार व्यवहार किया जा रहा है।

इस दौरान प्राधिकरण के सचिव द्वारा बंदियों से पृथक-पृथक संवाद किया तथा उनके प्रकरणों की नियमित पैरवी के लिए, निःशुल्क अधिवक्ता स्कीम, स्वास्थ्य समस्याएं व बंदियों के कारागृह में निरूद्ध रहने के दौरान अठिाम अध्ययन संबंधी कई विषयों पर बातचीत की। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। जेल में कुल 103 बंदी निरूद्ध पाये गये जो कारागृह की क्षमता 55 से अधिक है। अधिक संख्या व भीषण गर्मी को देखते हुए मूलभूत आवश्यकताओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए जेल प्रशासन को निर्देश दिए गए।

पाली में वाहन रैली पर पुष्प वर्षा की

पाली में व्यास सर्किल से विप्र फाउंडेशन ने वाहन रैली निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। भगवान परशुराम जयंती को लेकर मंगलवार शाम व्यास सर्किल से विप्र फाउंडेशन की ओर से वाहन रैली निकाली।

संयोजक प्रदीप दवे ने बताया कि जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर परशुराम जी ध्वजा, दुपट्टे पहने हुए ब्राह्मण बन्धु, भगवान परशुराम जी के जैकारे लगाते हुए भव्य वाहन रैली के रूप में सायं 5 बजे व्यास सर्कल से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्गो से निकली। शहर के मुख्य मार्गो पर वाहन रैली का भव्य स्वागत पाली में निवास कर रहे व्यापारीगणों द्वारा पुष्पवर्षा से किया। वाहन रैली में मातृशक्ति ने उत्साह से भाग लिया

संयोजक प्रदीप दवे ने बताया कि इस आयोजन को भव्य रूप देने के लिए ब्राह्मण समाज के हरवंश दवे, दिलीप दवे, जयशंकर त्रिवेदी, रमाकांत मिश्रा, अरुण दवे, जुगल दाधीच, पंकज दुबे, सुनील जोशी, अम्बाशंकर डिडवानिया, रामपाल शर्मा, एडवोकेट मुरलीमनोहर बोड़ा, पंडित विशाल जोशी, ओमदत्त दवे, पुनीत दवे, गौरीशंकर शर्मा, मांगूसिंह दुदावत, लहरीदास, मुकेश दवे, महेश कल्ला, विक्रमसिंह राजपुरोहित, वैभव ओझा, अंकिता बोहरा, दिव्या दवे, नयना व्यास, रेखा दवे, संगीता पारीक, शोभा पालीवाल, रेखा शर्मा सहित समस्त ब्राह्मण के संगठन के साथ 18 ब्राह्मण समाज के सदस्य, जिनमें श्रीमाली ब्राह्मण समाज, दाधीच ब्राह्मण समाज, सिखवाल ब्राह्मण समाज, शाकद्वितीपय मग ब्राह्मण समाज, पारीक ब्राह्मण समाज, राजपुरोहित ब्राह्मण समाज, खण्डेलवाल ब्राह्मण समाज, पालीवाल ब्राह्मण समाज, गौड़ ब्राह्मण समाज, गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज, आदि गौड़ ब्राह्मण समाज, सारस्वत ब्राह्मण समाज, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, पुष्करणा ब्राह्मण समाज, मैथिली ब्राह्मण समाज वैष्णव ब्राह्मण समाज आदि हैं। परशुराम को नमन कर याद किया उनसे विश्व कल्याण की कामना की। आयोजन में मातृशक्ति की भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

शोभायात्रा निकाली

सायला, (निसं)। विप्र फाउंडेशन जोन सी-1 ब्लॉक सायला के तत्वावधान में मंगलवार को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं विशाल वाहन रैली निकाली गई। सर्वप्रथम सुसज्जित रथ में भगवान परशुराम की तस्वीर विराजमान कर आरती की गई। इसके बाद भगवान परशुराम के जयकारों के साथ वाहन रैली रवाना हुई। रैली में सबसे आगे डी.जे. की धुन पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। इसके पीछे केसरिया साफा व पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित युवा दुपहिया एवं चौपहियां वाहनों में सवार होकर चल रहे थे।

वाहन रैली ओटवाला रोड स्थित बालाजी मंदिर से रवाना होकर अम्बे माता मंदिर, पुराना बस स्टेण्ड, पंचायत समिति मोड, नया बस स्टेण्ड, लहर भारती महाराज की कुटिया एवं बागोडा तिराहे होते हुए जूना गालां स्थित श्री खेतेश्वर मंदिर पंचधाम तीर्थ पहुंचकर संपन्न हुई। जहां सभी समाजबंधुओं को प्रसादी वितरित की गई। विप्र समाज के जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित ने सभी से विप्र समाज के कार्यक्रमों में भाग लेने का आव्हान किया।

वही हेड कांस्टेबल कालुराम बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिसकर्मी विभिन्न मार्गो पर यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए। इस दौरान विप्र फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल राजपुरोहित, जिलामंत्री शैतानसिंह राजपुरोहित, मंडल अध्यक्ष सोवलसिह, महामंत्री जबरसिंह राजपुरोहित चौराऊ, उपाध्यक्ष मुकेश वैष्णव, पहाडसिंह पांथेडी, मंत्री ओखसिंह वालेरा, हडमतसिंह बावतरा, कोषप्रमुख कालूसिंह सहकोष प्रमुख नरपतसिंह रेवतडा, प्रवक्ता खीमसिंह सायला, जेताराम, भंवरलाल, चम्पालाल, लुकसिंह, पदमसिंह, दलाराम, शंभूसिंह, विजयराज, आनंद कुमार, अर्जुनसिंह, देवांशी, प्रियंक दवे, कौशिक दवे, चंपालाल, भंवरलाल, शांतिलाल, जेताराम, रूपसिंह, दानसिंह दहिवा, बगदाराम, देवीलाल, नरपतसिंह, हडमतसिंह, लक्ष्मणसिंह, घेवरचंद, राणाराम, थानसिंह, झालाराम, जगदीश राजपुरोहित, शैलसिंह, आनंद वैष्णव, जबरसिंह, महेंद्र, पुखराज, भवानीसिंह, शेरसिंह, रघुनाथसिंह, थानसिंह, बलवंतसिंह, छतरसिंह, मांगीलाल, मीठालाल समेत समाजबंधु मौजूद रहे।

नागाणा में रात्रि चौपाल आज

बालोतरा,(नि.सं.)। कल्याणपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नागाणा में बुधवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी रात्रि चौपाल करेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि बुधवार, 30 अप्रेल को शाम 6 बजे रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खाना कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल : info@sfkin.in

शाखा कार्यालय बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी उक्त **जोधपुर सरदारपुरा शाखा** - 317, पहली मंजिल, 4-ए रोड, अनुपम टावर के पीछे, ओल्ड कोहिनूर और सैमसंग सर्विस सेंटर के पास, जोधपुर-342003 (राजस्थान) को 30 जुलाई 2025 की प्रभावी तिथि से बंद कर रहे हैं:-
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारी अन्य शाखा कार्यालय **जोधपुर शाखा** - सन टावर, पांचवी मंजिल, मेन पाल रोड, लूणी पंचायत समिति के पास, जोधपुर, जिला-जोधपुर-342001 (राजस्थान) के पते पर संपर्क करें।

माली संस्थान के चुनाव 10 को

जालोर, (कासं)। माली समाज सेवा संस्थान जालोर के द्विवार्षिक चुनाव 10 मई को सम्पन्न होगा चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की गई।

चुनाव अधिकारी लक्ष्मणसिंह सांखला एडवोकेट वं सहचुनाव अधिकारी मुकेश कुमार सांखला एडवोकेट जालोर ने बताया कि माली समाज सेवा संस्थान के चुनाव में भाग लेने वाले सदस्य के लिए अन्तिम तारीख 30 मार्च थी।। 3 मई को प्रारम्भ होकर 10 मई को सम्पन्न की जायेगी। 3 मई को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 4 मई को दोपहर 3 बजे तक आपति आमंत्रण सूचना मांगी जायेगी, अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 मई शाम को किया जायेगा। नामांकन पत्र मिलने तथा जमा करवाने की दिनांक 10 मई प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक रहेगी। नामांकन पत्रो की जॉच 10 मई को प्रातः 9 से 9.30 बजे तक, नाम वापसी दोपहर 12 बजे तक अन्तिम प्रत्याशी सूची दोपहर 12.30 बजे तक तथा आवश्यकता पर दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]
कब्जा नोटिस
(अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 29.05.2024 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. श्री टीकम चन्द, 2. श्री दावर राम को जारी किया गया था, जिसमें 29.05.2024 की देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशि रूपये 6,10,978.46/- (रूपये छः लाख दस हजार नौ सौ अठहत्तर और पैसा छियालीस मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज अप्रैल 2025 के 24वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशि रूपये 6,10,978.46/- (रूपये छः लाख दस हजार नौ सौ अठहत्तर और पैसा छियालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

सम्पत्ति पट्टा नं.17, बुक नं. 21, मिसल नं. 38/18-19, क्षेत्रफल 1049.45 वर्ग फिट, ग्राम दुधोध, ग्राम पंचायत दुधोध, तहसील मारवाड जंक्शन, आई माता मंदिर-दुधोर के पास, पाली, राजस्थान-306001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें हैं- पूर्व-आम रास्ता एवं दरवाजा, पश्चिम-श्री गोरा देवी/श्री बसना राम बाबरी का मकान, उत्तर-श्री जमनाई/श्री चुतराराम मेघवाल का मकान, दक्षिण-श्री खतराराम पुत्र श्री नेकराम मेघवाल का मकान

दिनांक- 24.04.2025
स्थान- राजस्थान
ऋण खाता संख्या- 93898467

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)